(20)

# दिल्ली विकास प्राधिकरण
## DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

मुख्य योजना –2021 की समीक्षा
Master Plan Review–2021

पंजीकरण फार्म
REGISTRATION FORM

Zone-'D'

"ओपन हाउस मीट्स"
**"OPEN HOUSE MEETS"**

| फार्म प्रतिभागी द्वारा भरा जाए<br>Form to be filled by Participant | |
|---|---|
| नाम<br>Name | PREM CHAND |
| प्रतिनिधि :<br>Representing :<br>सरकारी विभाग / फेडरेशन / संघ (एसोसिएशन) / आर डब्लू ए / व्यक्तिगत<br>Government Department/ Federation/Association/RWA/ Individual | Individual<br>OFFICE OF THE DIR (Plg.) MPR/TC, D.D.A. N. DELHI-2<br>Dy.No. 3167<br>Dated 16/5/12 |
| वर्तमान स्थिति<br>Present Position | Govt Job |
| फोन : कार्यालय<br>Phone : Office<br>आवास<br>Residence<br>मोबाइल<br>Mobile | 9718599047, 9811882760 |
| फैक्स :<br>Fax : | |
| ई–मेल<br>E-mail | |
| पता :<br>Address : | 70/96 G.B. Pant Hospital Staff Quarter New Delhi - 2 |
| हस्ताक्षर :<br>Signature : | Prem Chand |
| तिथि :<br>Date : | 15-5-12 |

"अपने पंजीकरण फार्म ओपन हाउस मीट्स के स्थल पर जमा कराएं
"Submit your registration form at the venue of Open House meets."

152

(20)

नाम = प्रेमचन्द

पता = 70/96 जी० बी० पन्त
अस्पताल स्टाफ क्वार्टर
नई दिल्ली -2

फोन = 9718599047, 9811889760

MPक-२-२१

# दिल्ली

## "सौर ऊर्जा से रोशन एक शहर"

सौर ऊर्जा के लिए दो श्रोत पूरा करना जरूरी है।
(1) भरपूर धूप (2) सोलर प्लेट लगाने के लिए जगह
दिल्ली में धूप की कमी नहीं है पर जगह की कमी है। मेरे पास कुछ सुझाव है जिसपर अमल करके दिल्ली में जगह का सदुपयोग करते हुए दिल्ली को एक सोलर पावर शहर के रूप में विकसित कर सकेंगे।

### सुझाव

1) दिल्ली के रेलवे स्टेशनों नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, निजामुद्दीन, आनन्द विहार आदि पर बरसात तथा धूप से बचने के लिए लगी सीमेन्ट की चादरों की शेड की जगह सोलर प्लेट लगा दिया जाए तो बरसात तथा धूप से बचाव के साथ-साथ बिजली भी बनाई जा सकती है।
2) दिल्ली के सभी बस स्टॉप पर शेड के रूप में सोलर प्लेट का प्रयोग किया जाए
3) स्ट्रीट लाइट के सभी खम्भों पर एक-एक सोलर प्लेट लगा दिया जाए।
4) इन सभी जगहों की बनी बिजली को इकट्ठा करने के लिए एक पावर स्टेशन बनाया जाए

२०

नाम = प्रेमचन्द

पता = 70/96 जी० बी० पन्त
अस्पताल रोड दिल्ली -2

फोन = 9718599047, 9811882760

# दिल्ली मे बरसात एक समस्या और उसका समाधान

दिल्ली मे बारिश होते ही यांहा की सडकें नरक बन जाती है हर तरफ पानी भर जाता है इस वजह से हर जगह ट्रैफिक जाम हो जातां है । इस पानी को निकालने के लिए सरकार को हर साल करोड़ो रु0 खर्च करने पडते हैं । इन परेशानियों से बचने के लिए मेरे पास एक सुझाव है जिस पर अमल करके इन परेशानियों से बचने के साथ-साथ दिल्ली मे पानी की समस्या दूर हो सकेगी ।

## सुझाव

पूरी दिल्ली मे एक अनोखे किस्म का पाइपलाइन सिस्टम बिछाना पडेगा जिससे बारिश का पानी इस सिस्टम से होते हुए सीधे जमीन के अन्दर जाएगा तथा दिल्ली के भूमिगत जलस्तर में बढ़ोतरी करेगा । इस सिस्टम को बनाने का तरिका निम्नलिखित है ।

1. पाइप डालने के लिए लगभग 7 फुट गहरा गड्ढा खोदो
2. गड्ढे मे तीन फुट तक ईंट के छोटे-छोटे टुकड़े बराबर रूप से भरो
3. इन टुकड़ो पर अनोखे किस्म के पाइप डालो *इन पइपों मे नीचे की तरफ छोटे छोटे छेद होंगे*
4. इसके बाद फिर ईंट के छोटे छोटे टुकड़ो से गड्ढे को पूरा भर दो
5. पाइपलाइन के बीच-बीच मे चेम्बर बनाओ जिसका तल नीचे से खुला हो यानी तल पर सीमेंट का फर्श नही बनाना जिससे बारिश का पानी जमीन मे जा सके
6. दिल्ली के पुरानी बावडियों,झीलों तथा तलाबों को फिर से ठीक करना होगा और हो सके तो जंहा जगह मिले वहां नई बावडियों, झीलों तथा तलाबों का निर्माण किया जाए ।
7. पाइपलाइन को इन बावडियों झीलों, तथा तलाबों से जोडा जाए ।

# पाइपलाइन सिस्टम की कार्यप्रणाली

बारिश का पानी पहले चेम्बर में आएगा चेम्बर का तल कच्चा होने के कारण कुछ पानी यंहा से जमीन के अन्दर जाएगा । बाकी बचा पानी पाइप में जाएगा तथा पाइप मे छेद होने के कारण पानी ईंट के टुकडो से बनी परत से होतें हुए जमीन मे चला जाएगा तथा अन्त में बचा पानी बावडियों झीलों तथा तालाबों में जाएगा

*___ये सिस्टम इतना कारगार है की 90% से ज्यादा पानी जमीन के अन्दर चला जाएगा जिससे भूमिगत जलस्तर में काफी सुधार होगा ।*

सबसे अन्त मे तालाबों तथा झीलों के आसपास के क्षेत्रो को हरे भरें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए । इन तालाबों तथा झीलों से हीं आसपास के क्षेत्रों में पानी की सप्लाई की जाए ।

प्रेम चन्द

70/96 जी0बी0 पन्त अस्पताल

स्टाफ क्वार्टर नई दिल्ली 2

9718599047 , 9811882760


Water Harvesting pipeline system
Chamber
Pipe
Pieces of Bricks
Under ground water level

(20)

नाम = प्रेमचन्द

पता = 70/96 जी० बी० पन्त
अस्पताल स्टाफ क्वार्टर
नई दिल्ली – 2

फोन = 9718599047, 9811882760

## "केबल डालने के लिए पाइप सिस्टम"

### MPD — 2021

### स्थिति — 1

21 मार्च 2021 में खूबसूरत सड़कों को निहार रहा था तभी कई सारे मजदूर आए और सड़क खोदने लगे। पूछने पर पता चला की बिजली की केबल डालनी है मजदूरों ने केबल डालने के लिए चमचमाती सड़क को गड्ढों में बदल दिया जो की कई महीनों तक ऐसी ही रही।

### स्थिति — 2

21-मार्च-2021 में खूबसूरत सड़कों को निहार रहा था तभी कुछ मजदूर आए उनके साथ बिजली का केबल भी था। मैंने सोचा ये फिर सड़क को खोद कर खराब कर देंगे पर ये क्या उन्होंने ~~मेनहा~~ एक मेनहोल का ढक्कन खोला और उसके अन्दर जाकर देखते ही देखते कई किलोमीटर केबल डाल दी।

### सुझाव

बिजली तथा टेलीफोन की केबल डालने ~~के बजाए~~ के लिए बार-बार गड्ढे खोदने की बजाये एक ही बार पूरी दिल्ली में बड़े-बड़े पाइप डाल दिया जाए जिसमें आदमी ~~घ~~ घुसकर केबल डाल सके।

### फायदा

1) सड़कों को बार-बार नहीं खोदना पड़ेगा जिससे कार्य में लगने वाला समय तथा पैसों की बचत होगी

2) केबल में खराबी का आसानी से पता लगाया जा सकेगा तथा उसे ठीक करने में आसानी होगी।

[signature]
20/3/12

(20)

नाम = प्रेमचन्द

पता = 70/96 जी० बी० पन्त
अस्पताल स्टाफ क्वार्टर
नई दिल्ली-2

फोन = 9718599047, 9811882760

MPD20

# "दिल्ली के सब्जियों से भरे खेत"

आप सोच रहे होंगे की "दिल्ली के सब्जियों से भरे खेत" ये कैसे हो सकता है यहां तो कंक्रीट का जंगल है यहां खेती कैसे हो सकती है। इसके लिए मेरे पास कुछ सुझाव है जिस पर अमल करके पूरी दिल्ली में सब्जियां उगाई जा सकती है।

## सुझाव

1) दिल्ली की सभी सरकारी इमारतों की छत जो की इस वक्त किसी काम नहीं आ रही है। उन पर मिट्टी डालकर खेत तैयार किया जाए तथा उनमे सब्जियां उगाई जाए।
2) प्राइवेट कंपनियों तथा R.W.A से बात कर उन्हे भी इस योजना में शामिल किया जाए और अपनी बेकार पड़ी छतों पर सब्जियां लगाने के लिए प्रेरित किया जाए या अपनी बेकार पड़ी छतों को सरकार के लिए उपलब्ध करवाने को कहा जाए जिससे सरकार उन छतों पर सब्जियां लगा सके।

## फायदा

1) कई टन अतिरिक्त सब्जियों का उत्पादन हो सकेगा।
2) अन्य राज्यों से कम सब्जियां मंगानी पड़ेगी जिससे ईंधन और अन्य खर्चों की बचत होगी इस वजह से दिल्ली में सब्जियां ताजी और कम दाम में उपलब्ध होगी।
3) इन खेतो की वजह से दिल्ली की हरियाली में इजाफा होगा तथा दिल्ली का पर्यावरण और आबोहवा भी साफ होगा।
4) छत गर्मियों में कम गर्म होगी जिस वजह से AC तथा कूलर को चलाना पड़ेगा और बिजली की बचत होगी
5) हवाई जहाज से यात्रा करने वालो को दिल्ली हरा भरा और वर्ल्ड क्लास शहर लगेगा।

Sam
20/3/12

# केबल डालने का पाइप सिस्टम

